4586



Yoga

अमनस्क योग

AMANASKA YOGA

AMANASKA YOGA

Mahamahopadhyaya
Dr. Brahma Mitra Awasthi

English Translation
by
Shri Bajaranga Singh

Swami Keshawananda Yoga-Samsthan-Prakashana
DELHI-7

Published by
© Swami Keshawananda Yoga Samsthana-Prakashana
8/3 Roop Nagar, Delhi-110007 (India)

Phone 2915321

First Edition
1987

Price Rs. 25.00 PB U.S. Dollors 5·00 PB
Rs. 40.00 Lib Ed. do 8·00 Lib. Ed.

Printed at :
Pankaj Printers
Arjun Muhalla-Maujpur
SHAHDARA-DELHI-32

अमनस्क योग

(तारक-अमनस्क योग)

सम्पादक एवं व्याख्याकार—
डा० ब्रह्ममित्र अवस्थी

अंग्रेजी अनुवाद—
श्री बजरंग सिंह

RGCSLIB
04586

स्वामी केशवानन्द योग संस्थान प्रकाशन
दिल्ली-७

© प्रकाशक—
स्वामी केशवानन्द योग संस्थान प्रकाशन
८/३ रूप नगर, दिल्ली-११०००७ (भारत)
दूरभाष २९१५३२१

प्रथम संस्करण
१९८७

मूल्य २५.०० रुपये
४०.०० पुस्तकालय संस्करण

मुद्रक—
पंकज प्रिन्टर्स
अर्जुन मोहल्ला, मौजपुर
शाहदरा, दिल्ली-३२

Preface

In huge Sanskrit literature, the works published on yoga branch are very little in number. Throughout ancient times yoga has been considered as a strictly secret subject to be tought only to a deserving disciple. But now time has come to uneveil the obscure literature of this occult sciene to popularise this knowledge in the interest of humanity.

Swami Keshavananda Yoga Samsthana Prakashana has determined to publish these rare text along with translations in English, Hindi and other Indian languages. The manuscripts of the following works has been procured :—

(1) Dattatreya Yoga-Shastra, (2) Yoga Bija, (3) Amanaska Yoga, (4) Chandrodaya-Vilasa, (5) Yoga-Ratnakara, (6) Yoga-Tattva (7) Yoga-Chudamani, (8) Yoga Shikha, (9) Yoga.Raja, (10) Yoga Kundalini, (11) Jabala-Darshana (12) Shandilya-yoga, (13) Mandala-Brahmana, (14) Amrita Nada-Yoga (15) Dhyana-Bindu (16) Nada-Bindu, (17) Hansa-Yoga, (18) Kshurika-Yoga (19) Amrita-Bindu, (20) Tejo-Bindu, (21) Brahma-Vidya, (22) Saraswati-Rahasya, (23) Saubhagya lakshmi-Yoga (24) Advaya-Taraka, (25) Trishikhi Brahmana, (26) Varaha-Upnishad, (27) Darshana-Upnishad, and (28) Muktika-Upanishad. All of them are treated as secred in the tredition, so some of these works were counted in Upnishad. We find references of twentyone of the above mentioned work in Muktika-Upnishad by name.

The first two out of them had been published by us in previous years. We are deeply indebted to our readers who have shown were keen interest in our publications. Whe hope that this work Amanaska Yoga alongwith Hindi English translations, will be greeted with same enthusiasm, some other text on Yoga with Hindi and English trans-

lations and some original works on Raja-yoga and Yoga Therapy are ready and will be brought out soon.

We are Very greatful to Shri Bajrang Singh, who accepted our request and translated this work into English. We hope it will be uery useful to them who wants to get the straight way for Yoga-Sadhana to reach the goal of their life.

Makra Sankranti 2043 —Diwakar Awasthi

अमनस्क योग : एक परिचय

योगशास्त्र का व्यवस्थितरूप यद्यपि हमें महर्षि पतञ्जलि के योगसूत्र में प्राप्त होता है, किन्तु इसका प्रथमतः प्रारम्भ कब और किसके द्वारा हुआ है ? इस प्रश्न का निश्चित रूप से उत्तर दे सकना यदि असम्भव नहीं तो अत्यन्त दुष्कर कार्य अवश्य है। सामान्यतः 'इस शास्त्र के आदि गुरु शंकर हैं, ऐसा स्वीकार किया जाता है। अधिकांश श्लोकवद्ध योगग्रन्थों में शिव को उपदेष्टा के रूप में और महादेवी जगदम्बा पार्वती को और कहीं-कहीं भैरव को श्रोता के रूप में निवद्ध किया गया है। शिवसंहिता घेरण्ड संहिता आदि ग्रन्थ इसमें प्रमाण हैं। इस 'अमनस्क योग, ग्रन्थ में वामदेव ने ईश्वर (शिव) से ही जीवन्मुक्तिप्रद उपाय को जानने की इच्छा की है, जिसके उत्तर में ईश्वर (शिव) ने उन्हें इस योग (अमनस्कयोग) का उपदेश किया है; जवकि योगशिखोपनिषद् एवं योगबीज नामकग्रन्थों में स्वयं पार्वती प्रश्न करती हैं। भगवान् शिव ही वहां भी उपदेष्टा के रूप में निवद्ध हैं।[1]

इसके विपरीत योगतत्त्वोपनिषद् में विष्णु वक्ता के रूप में निवद्ध किये गये हैं, यहां श्रोता के रूप में स्वयं ब्रह्मा उपस्थित हैं—

विष्णुर्नाम महायोगी महाभूतो महातपः।
तत्त्वमार्गे यथा दीपो दृश्यते परमेश्वरः।
तमाराध्य जगन्नाथं प्रणिपत्य पितामहः।
पप्रच्छ योगतत्त्वं मे ब्रूहि चाष्टाङ्गसंयुतम्।।[2]

इसी प्रकार दत्तात्रेय योगशास्त्र में दत्तात्रेय को योगशास्त्र के प्रवक्ता के रूप में निवद्ध किया गया है[3] और वहां इन्हें भी विष्णु के रूप में ही स्वीकार किया गया है।[4] इस

---

१. (क) सर्वे जीवाः सुखैर्दुःखैर्मायाजालेन वेष्टिताः।
तेषां मुक्तिः कथं देव कृपया वद शंकर।। योगशिखोपनिषद् १. १.

(ख) नाना मार्गास्त्वया देव कथितास्तु महेश्वर।
अधुना मोक्षदं मार्गं ब्रूहि योगविदांवर ॥
वद्धाः येन विमुच्यन्ते नाथ मार्गमतः परम्।
तमहं कथयिष्यामि तव प्रीत्या सुरेश्वरि ॥ योगवीज ११-१४

२. यागतत्त्वोपनिषद् १. २-३.

३. दत्तात्रेय योगशास्त्र ८-१८.

४. दत्तात्रयस्य विष्णोः पदनलिनयुगं नित्यमेव प्रपद्ये। वही २३६

ग्रन्थ में इस उपदेश को सुनने वाले सांकृति हैं। महाभारत में भगवद्गीता के उपदेष्टा भगवान् कृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। गीता में स्वयं कृष्ण को योगीश्वर स्वीकार किया गया है[१] तथा प्रत्येक अध्याय की पुष्पिका में उस अध्यायविशेष में एक योगविशेष का उपदेश प्रतिपादित है, ऐसा कहा गया है।[२] पातञ्जल योगसूत्र के व्यासभाष्य के व्याख्याकार विज्ञान भिक्षुने योग के प्रवर्त्तक भगवान् हिरण्यगर्भ हैं, .ऐसा संकेत किया है।[३]

इन तथ्यों आधार पर यह मानना ही अधिक सहज लगता है कि योग की परम्परा के आदि प्रवर्त्तक, अथवा इस शास्त्र के प्रथम उपदेष्टा कौन है? इस प्रश्न का आज उत्तर दे सकना सम्भव नहीं है। मानव चेतना के विकास के आदिकाल से ही योगसाधना और उसके शास्त्रीय स्वरूप का आरम्भ हुआ है, भगवान् शिव अथवा विष्णु आदि आराध्य देवों के भक्तों ने अपने-अपने आराध्य देवों को इस शास्त्र का प्रवर्त्तक अथवा आदि उपदेष्टा मान लिया है।

दत्तात्रेय-योगशास्त्र, जो वैष्णव परम्परा का योगग्रन्थ माना जा सकता है, में योग की चार शाखाएं मन्त्रयोग लययोग हठयोग और राजयोग (अष्टाङ्गयोग) वर्णित हैं। इसमें लययोग का प्रवर्त्तक आदिनाथ को माना गया है, और वहीं यह भी कहा गया है कि आदिनाथ स्वयं भगवान् शिव हैं—

लययोगश्चित्तलयः संकेतैस्तु प्रजायते।
आदिनाथेन संकेताः अष्टकोटयः प्रकीर्त्तिताः॥[४]
महादेवस्य नामानि आदिनाथादिकान्यपि।
शिवेश्वरश्च देवोऽसौ लीलया व्यचरत्प्रभुः॥[५]

इसी ग्रन्थ में अष्टाङ्गयोग (राजयोग) का उपदेश करने के अनन्तर उसे कविमार्ग अर्थात् शुक्राचार्य[६] द्वारा प्रवर्त्तित योगमार्ग कहा गया है—

'कविमार्गोऽयमुक्तस्ते सांकृतेऽष्टाङ्गयोगतः' ॥[७]

---

१. यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः। भगवद्गीता १८. अन्तिम श्लोक

२. ओं तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे...... अर्जुन-विषादयोगो नाम प्रथमोध्यायः।' ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे...सांख्ययोगो नाम द्वितीयोऽध्यायः।...' ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे...कर्मयोगो नाम तृतीयोऽध्यायः। इत्यादि

३. हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः। इति योगियाज्ञवल्क्यः। पा० यो० सू० योगवार्त्तिक, टीका से उद्धृत।

४. दत्तात्रेययोगशास्त्र २९-३०.

५. वहीं, ३२-३३.

६. उशना भार्गवः कविः। अमरकोश

७. दत्तात्रेययोगशास्त्र २५९।

दत्तात्रेय योगशास्त्र में ही महामुनि कपिल को हठयोग का प्रवर्त्तक अथवा प्रमुख साधक दूसरे शब्दों में हठयोग की परम्परा का प्रधान आचार्य माना है—

कपिलाद्यास्तु शिष्याश्च हठं कुर्युस्ततो यथा ॥
तद्यथा च महामुद्रा महाबन्धस्तथैव च ।
ततः स्यात्खेचरीमुद्रा बन्धो जालन्धरस्तथा ॥
उड्डियाणं मूलबन्धो विपरीतकरणी तथा ।
वज्रोलिरमरोलिश्च सहजोलिस्त्रिधा मता ॥[1]

पतञ्जलि प्रणीत योगसूत्र में 'ईश्वरप्रणिधानाद्वा', 'क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः, 'तस्य वाचकः प्रणवः' तज्जपस्तदर्थभावनम्'[2] सूत्रों में मन्त्रयोग अर्थात् अर्थ भावना के साथ मन्त्र के जप का स्पष्ट निर्देश हुआ है। इस आधार पर यह कहना अनुचित न होगा कि पतञ्जलि से पूर्व मन्त्रयोग भी पर्याप्त प्रचलित था, अथवा योगसाधना की स्वतन्त्र शाखा के रूप में मन्त्रयोग की सम्यक् प्रतिष्ठा हो चुकी थी। स्मरणीय है कि दत्तात्रेय योगशास्त्र में मन्त्रयोग को योग की एक स्वतन्त्र शाखा मानते हुए भी उसे अधमयोग तथा मन्त्रयोगी की मृदुयोगी और साधकाधम कहा गया है।[3]

योग सम्बन्धीं इन इतिहासपरक निर्देशों के आधार पर यह स्वीकार करने में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि योग साधना की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है, और इसकी विविध शाखाएं मन्त्रयोग लययोग हठयोग आदि भी इतने ही प्राचीन काल से व्यापक रूप से प्रचलित थीं कि आज उनका आदिकालीन इतिहास खोज पाना असम्भव है। संभवतः यही कारण है कि शिव एवं विष्णु आदि के भक्तों ने अपने-अपने आराध्य देवों को ही इस योगविद्या का आदि उपदेष्टा मान लिया है।

योगविद्या या योगशास्त्र के इतिहास की इस प्रासङ्गिक चर्चा के वाद मैं अव प्रस्तुत के मुख्य विषय अमनस्क योग पर आता हूं। अमनस्क योग, जिसे आज की भाषा में भावातीत ध्यान (Transcendental meditation) कहा जा रहा है, भी योग

---

१. दत्तात्रेय योग शास्त्र ५७-६१.

२. पातंजलयोग सूत्र पाद १. सू०

३. अङ्गेषु मातृकान्यासपूर्वं मन्त्रं जपन् सुधीः ।
यं कञ्चनाभिसिद्ध्यै स्यान्मन्त्रयोगः स कथ्यते ॥
मृदुस्तस्याधिकारी स्याद् द्वादशाब्दैस्तु साधनात् ।
प्रायेण लभते सिद्धिं सिद्धीश्चैवाणिमादिकाः ॥
अल्पबुद्धिरिमं योगं सेवते साधकाधमः ।
मन्त्रयोगो ह्ययं प्रोक्तो योगानामधमस्तथा ॥ दत्तात्रेययोगशास्त्र २५-२८.

की एक अत्यन्त प्राचीन शाखा है। दत्तात्रेय के अनुसार इसे लय योग के अन्दर वर्गीकृत करना चाहिए, जिसका प्रथम उपदेश आदिनाथ भगवान् शिव ने किया था।[१] उनके अनुसार बैठे हुए खड़े हुए चलते हुए या सोते हुए अथवा भोजन करते हुए अर्थात् किसी भी स्थिति में रहने पर शून्य का ध्यान करना आदिनाथ द्वारा उपदिष्ट प्रथम संकेत है—

तिष्ठन् गच्छन् स्वपन्भुञ्जन् ध्यायन् शून्यमहर्निशम्।
अयमेको हि संकेत आदिनाथेन भाषितः ॥[२] इत्यादि।

यहां शून्य पद का अर्थ विन्दु अथवा संख्या का एक चिह्न विशेष (०) नहीं है, अपितु विषय का अभाव है। तात्पर्य यह है कि विना किसी विषय को ध्येय वनाए चित्त को स्थिर करना। इसे ही ध्यान की परिभाषा के रूप में 'ध्यानं निर्विषयं मनः'[३] सूत्र में परिभाषित किया गया है।

लययोग साधना की परम्परा में शून्य के ध्यान (अमनस्कता) को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अथवा सर्वोत्कृष्ट साधना माना गया है। वहीं यह भी कहा गया है कि जिसे यह सिद्धि मिल गयी है, वह ही सेव्य गुरु हो सकता है—

दृष्टिः स्थिरा यस्य विनैव दृश्यात्
वायुः स्थिरो यस्य विना प्रयत्नात्।
चित्तं स्थिरं यस्य विनावलम्बात्
स एव योगी स गुरुः स सेव्यः ॥[४]

इस साधना में क्योंकि मन को ही निर्विषय दूसरे शब्दों में क्रिया-रहित (स्वधर्म से रहित) किया जाता है, अतः इसे अमनस्क योग कहते हैं।

अमनस्क योग का सर्व प्रथम उल्लेख हमें महाभारत में मिलता है। वहां कहा गया है कि 'जो साधक एक आसन में चुप चाप विना विषय के चिन्तन करता हुआ लीन हो जाता है, वह धर्म अधर्म और शुभ अशुभ से परे हो जाता है।'[५] आचार्य शंकर

---

१. गिरिकूटे चित्रकूटे सुपादपयुते गिरौ।
कृपयैकैकसंकेतं शंकरः प्राह तत्र तान् ॥
तानि सर्वाणि वक्तुं हि न शक्नोमि तु विस्तरात्।
कानिचित् कथयिष्यामि सहजाभ्यासवत् सुखम् ॥ दत्तात्रेययोग ३६-३
२. वही ४०-४१
३. सांख्यदर्शन ६'२५
४. अमनस्क योग २-४२
५. नैव धर्मी नचाधर्मी न चैव हि शुभाशुभी।
यः स्यादेकासने लीनः नैव किंचिदचिन्तयन् ॥
श्रीमद्भगवद्गीता, शाङ्कर भाष्य पृ० २ से उद्धृत।

ने भी महाभारत के उपर्युक्त पद्य को गीताभाष्य की प्रस्तावना में उद्धृत करते हुए अमनस्क योग की ओर संकेत किया है। इससे यह अनुमान करना अस्वाभाविक न होगा कि अत्यन्त प्राचीन काल के मूर्धन्य दार्शनिकों में भी इस अमनस्क साधना के प्रति महान् आदर था।

महाकवि रत्नाकर के हरविजय महाकाव्य में दो बार अमनस्क योग की चर्चा हुई है। एक स्थल पर कवि ने अमनस्क पद का प्रयोग किये बिना साधना विधि का वर्णन करते हुए कहा है कि 'तब तक अभाव की भावना करे जब तक तन्मयता को न प्राप्त हो जाए'— अभावं भावयेत्तावत् यावत् तन्मयतां व्रजेत्।[1]

एक अन्य स्थल पर 'अमनस्क योग' शब्द का भी प्रयोग करते हुए कवि ने इस योग के प्रति अत्यन्त आदर पूर्वक कविनिबद्धवक्ता द्वारा शिव से प्रार्थना करते हुए कहलाया है कि—'अमनस्क-योग साधना का व्रत करने वाले साधकों को जिस निरञ्जन पद की प्राप्ति होती है, वह आपके अनुग्रह से हमें प्राप्त हो'—

अमनस्कयोगगतिसंशितव्रतैः
यदवाप्यते किल निरञ्जनं पदम्।
निरुपप्लवां च दधदात्मनि स्थितिं
भव नान्तरीयकमनुग्रहस्य ते ॥[2] इत्यादि

अमनस्क योग (भावातीतध्यान) के सम्बन्ध में इस प्रकार के प्राचीन एवं आदर भरे महत्त्वपूर्ण उल्लेख संस्कृत वाङ्मय में हमें अनेक प्राप्त होते हैं, जिससे इस योग साधना पद्धति की प्राचीनता एवं अत्यन्त प्राचीन काल में भी इसके प्रति अतिशय आदर भाव के होने में कोई सन्देह नहीं रह जाता, किन्तु यह अत्यन्त दुर्भाग्य की बात है कि इस साधना पद्धति का प्रतिपादक कोई अधिक प्राचीन ग्रन्थ हमें प्राप्त नहीं है।

महर्षि पतञ्जलि वर्णित अष्टाङ्गयोग साधना पद्धति की चरम स्थिति असम्प्रज्ञात समाधि, जिसमें वितर्क विचार आनन्द एवं अस्मिता का भी अनुगम समाप्त हो जाता है, ही अमनस्क योग की भी चरम उपलब्धि है, इस आधार पर पतञ्जलि के योग से अभिन्न अमनस्क योग को सिद्ध करने का हठात् प्रयत्न किया जा सकता है। पतञ्जलि के योगसूत्रों में दर्शनपक्ष एवं साधना पक्ष समान भाव से वर्णित हैं, किन्तु फिर भी पातञ्जल योगसूत्र को अमनस्कयोग का ग्रन्थ कहने का प्रयत्न करना हठवाद की श्रेणी का ही कार्य कहा जायेगा; क्योंकि असम्प्रज्ञात समाधि की स्थिति दोनों साधना पद्धतियों की चरम स्थिति होने पर भी दोनों पद्धतियों के साधना क्रम में महान् अन्तर है पतञ्जलि के अष्टाङ्गयोग साधना के क्रम में विषय सम्बद्ध मन का व्यापार

---

१. हरविजय महाकाव्य
२. वही ६. १४३

साथ चलता है, देशबन्धश्चित्तस्य धारणा, तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्, तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः" सूत्रों द्वारा दी गई धारणा ध्यान और समाधि की परिभाषाएं इसका स्पष्ट प्रमाण हैं।

अमनस्क योग साधना के क्रम में हमें केवल एक ग्रन्थ प्राप्त होता है, जिसे ग्रन्थकार ने स्वयंबोध या अमनस्क योग नाम दिया है।[2] यह ग्रन्थ अधिक प्राचीन नहीं प्रतीत होता। इसकी किसी पाण्डुलिपि में इसके रचयिता अथवा रचनाकार का उल्लेख नहीं है, जबकि योगनाथ स्वामी ने इसे गोरक्षनाथ कृत माना है, जो नवम शती से पूर्व स्वीकार किये जाते हैं। किन्तु इतने से इस ग्रन्थ की प्राचीनता सिद्ध नहीं हो पाती, क्योंकि इस ग्रन्थ का गोरक्षनाथकृतित्व ही सन्दिग्ध है। ऐसा कहने का मुख्य कारण मैं प्रस्तुत अमनस्क योग नामक ग्रन्थ में विविधशास्त्रों एवं अनेक साधना पद्धतियों के प्रति अत्यन्त उग्र आक्रोश की अभिव्यक्ति को मानना चाहूंगा। इस आक्रोश के कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं :—

जित्वा वायुं विविधकरणैः क्लेशमूलैः कथञ्चित्
कृत्वा यत्नं निजतनुगताशेषनाडीप्रवाहान्।
अश्रद्धेयां परमपुरगतिं साधयित्वाऽपि नूनम्
विज्ञानैकव्यसनसुखिनो नास्ति मोक्षस्य सिद्धिः ॥[3]

केचिन्मूत्रं पिवन्ति स्वमलमथ तनोः केचिदश्नन्ति लालाम्,
केचित्काष्ठां प्रविष्टाः युवतिभगपतद्विन्दुमूर्ध्वं नयन्ति।
केचित्खादन्ति धातूनखिलतनुशिरावायुसंचारदक्षाः,
नैतेषां देहसिद्धिर्विगतनिजमनोराजयोगाद् ऋते स्यात् ॥[4]

उपर्युक्त दोनों ही पद्यों में प्राणायाम साधना, नाडीचक्रों के जागरण, ज्ञानयोग, हठयोग की क्रियाएं वज्रोलि आदि, विविध साधनाओं के प्रति तिरस्कारर भावना की अभिव्यक्ति हुई है। इसी प्रकार—

केचित्तर्कवितर्ककर्कशधियोऽहंकारदर्पोद्धताः,
केचिज्जातिगताभिमानभरिताः ध्यानादिकर्माकुलाः।
प्रायः प्राणिगणा विमूढमनसो नाना विकारान्विताः,
दृश्यन्ते नहि निर्विकारसहजानन्दैकभोगाकुलाः ॥[5]

---

१. पातञ्जल योगसूत्र ३. १-३
२. इति श्री...अमनस्के स्वयं वोधाख्यो द्वितीयः।
३. अमनस्क योग ३२
४. अमनस्क योग २, ३३.
५. वही, २, ३४

एकदण्डत्रिदण्डादिजटाभस्मादिधारणम् ।
केशलुंचननग्नत्वे रक्तचीवरधारणम् ।।
उन्मत्तताऽऽमभोज्यान्नपानं पाखण्डवृत्तिता ।
इत्यादि लिङ्गग्रहणं नानादर्शनदर्शनम् ।।
नोत्पन्नस्वावबोधस्य ह्युदासीनस्य तिष्ठतः ।
सदाभ्यासरतस्यैतेष्वेकमप्युपयुज्यते ।।[1]

इत्यादि पद्यों में एक ओर विविध शास्त्रों के वैदुष्य का तिरस्कार प्रगट होता है, वहीं वैष्णव शैव जैन बौद्ध आदि धर्मों के आचार नियमों और चिह्नों आदि का तिरस्कार करके विना किसी तर्क के स्वयं बोधाख्य अमनस्क योग की श्रेष्ठता और अतुलनीयता प्रतिपादित है, जो अधिक प्राचीन शैली नहीं है, न दार्शनिक परम्परा में ही स्वीकार शैली हैं। अतः इसे अधिक प्राचीन कहना संभव नहीं है।

जहां तक योगनाथ स्वामी के इस कथन का प्रश्न है कि 'यह ग्रन्थ गोरक्षनाथ विरचित्त है, इसको स्वीकार करने के लिए कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है; क्योंकि ग्रन्थ के मंगलाचरण अथवा पुष्पिका में ग्रन्थ कर्त्ता के सम्वन्ध में कोई संकेत नहीं मिलते हैं। जहां तक परम्परागत मान्यता का प्रश्न है, जिसमें अमनस्क योग को गोरक्ष की रचना माना जाता है, वहीं उसी परम्परा में योगवीज को भी गोरक्ष की रचना स्वीकार किया गया है, जवकि दोनों की मान्यताओं में परस्पर विरोध स्पष्ट दिखाई देता हैं, उदाहरणार्थ योगवीज में सूर्यभेद, उज्जायी, शीतली भस्त्री प्राणायामों का अत्यन्त आदर के साथ उल्लेख हुआ है,[2] किन्तु इस ग्रन्थ में प्राणायाम की क्रिया के प्रति तिरस्कार व्यक्त किया गया है,[3] जो इन दोनों रचनाओं को एक लेखक की रचना मानने में सन्देह उपस्थित कर देता है। हठयोग के अनेक ग्रन्थ गोरक्ष के नाम से स्वीकृत हैं किन्तु इस अमनस्क में हठयोग की ही क्रिया वज्रोलि के प्रति अत्यन्त तिरस्कार प्रगट हुआ है। अत एव इस ग्रन्थ अमनस्क योग को गोरक्षनाथ की रचना मानना प्रशस्त नहीं लगता। इस संक्षिप्त चर्चा के बाद में अमनस्क योग ग्रन्थ के कर्त्तृत्व के प्रश्न को यही यह कहकर छोड़ना चाहूंगा कि 'योग साधना के विविध सम्प्रदाय अत्यन्त प्राचीन काल से गुरु परम्परा में प्रचलित रहे हैं। उन सम्प्रदायों की साधना पद्धति को, वहुत संभव है, समय-समय पर गुरुजनों ने शिष्यों की सुविधा के लिए अथवा शिष्यों ने स्मरण करने की सुविधा के लिए श्लोक वद्ध कर लिया हो। ये श्लोक भी अपने-अपने सम्प्रदाय में गुरु परम्परा में चिरकाल तक प्रचलित रहे हैं। कालान्तर में लिपिवद्ध करने की आवश्यकता का अनुभव होने पर लेखक का नाम दिये विना ही उन्हें लिपिवद्ध भी कर लिया गया। कालान्तर में 'ये रचनाएं अमुक प्राचीन गुरु की हैं' ऐसी कल्पना कुछ भक्तों ने

---

१. वही २, ३५-३७.

२. योगवीज १९०-२११.

३. अमनस्क योग २, ३२-३३.

श्रद्धावश कर ली। वस्तुत इस प्रकार की अनेक रचनाएं अज्ञात कर्तृक माननी चाहिएं।

अमनस्कयोग ग्रन्थ के अनुसार विश्व के सात प्रधान तत्त्व हैं: पृथिवी जल अग्नि वायु आकाश मनस् और परतत्त्व। इनमें पूर्व-पूर्व स्थूलतर एवं उत्तरोत्तर सूक्ष्मतर हैं। इनमें पृथिवी से आकाश पर्यन्त पाँच तत्त्व महत्परिमाण वाले साक्षात् अथवा परम्परया इन्द्रिय ग्राह्य हैं। मन भी पृथिवी आदि की भांति मूर्त्त पदार्थ है, जो इन्द्रियों के माध्यम से अन्य पदार्थों (तत्त्वों) के साक्षात्कार का हेतु वनता है। इनका इस ग्रन्थ में केवल परिगणन मात्र हुआ है स्वरूप विश्लेषण नहीं। पर या परमतत्त्व इन सवसे सर्वथा भिन्न है। वह (परतत्त्व) भावरूपता और अभावरूपता दोनों से भिन्न उत्पत्ति और विनाश से रहित समस्त संकल्पनाओं से अतीत है। वह परिणाम से रहित, इन्द्रियों द्वारा अग्राह्य अचल ध्रुव एवं सभी प्रकार की उपाधियों अथवा कामों से रहित है :—

'भावाभावविनिर्मुक्तं विनोशोत्पत्तिर्वजितम्।
सर्वसंकल्पनातीतं परतत्त्वं तदुच्यते ॥
अनाकारमवच्छिन्नमग्राह्यमचलं ध्रुवम्।
सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं सर्वकामविर्वजितम् ॥'[१]

क्योंकि यह परतत्त्व भावातीत है, अतः इसके साक्षात्कार में अमनस्कता स्वतः आ जाती है। इस भावातीत ध्यान के लिए दत्तात्रेय के अनुसार उठते-बैठते चलते-फिरते खाते पीते सभी स्थितियों में शून्य का, भावातीत परतत्त्व का ध्यान करना चाहिए।[२] किन्तु अमनस्क योग ग्रन्थ के लेखक के अनुसार सर्वप्रथम सिद्ध गुरु के मुख से इस साधना के पथ को सम्यक् समझना चाहिए, उसके बाद कहीं एकान्त मनोरम प्रदेश में सुख पूर्वक; दुःख वाधा आदि से रहित आसन पर बैठकर सभी अंगों को शिथिल करके वाहु प्रमाण दूरी पर किसी भी दृश्य पदार्थ पर दृष्टि को स्थिर करना चाहिए। इस अभ्यास क्रम में साधक को चाहिए कि वह अपने मन कोसभी चिन्ताओं से रहित कर लेवे :—

'एवंविधगुरोः शब्दात्सर्वचिन्ताविर्वजितः।
स्थित्वा मनोहरे देशे योगमेव सदाभ्यसेत् ॥
विविक्तदेशे सुखसन्निविष्टः
समासने किञ्चिदुपेत्य पश्चात्।
वाहुप्रमाणं स्थिरदृक् श्लथाङ्गः
चिन्ताविहीनोऽभ्यसनं कुरुष्व ॥'[३]

---

१. अमनस्क योग १. २१-२२.
२. दत्तात्रेय योगशास्त्र ४०-४१.
३. अमनस्क योग १. २७-२८.

इस साधना क्रम में साधक को सभी स्थूल या सूक्ष्म पदार्थों से अपने ध्यान को हटाने का प्रयत्न करना चाहिए, सभी चिन्ताओं से परे होने का प्रयत्न करना चाहिए। वह साधक जब अन्दर बाहर सभी चिन्ताओं से मुक्त हो जाता है, तो उसे परतत्त्व का बोध होता है, और तभी उसमें अमनस्कता आ जाती है, इस स्थिति में पहुंचने पर साधक के चित्त का प्राणों में विलय हो जाता है, अर्थात् चित्त (मन) की गति अवरुद्ध हो जाती है, वाह्यज्ञान समाप्त हो जाता है। फलतः वह सर्वमय अर्थात् परतत्त्व रूप भावावभाव विनिर्मुक्त हो जाता है। कहा भी है :—

न किञ्चिन्मनसा ध्यायेत् सर्वचिन्ताविवर्जितः।
तत्त्वस्य सम्मुखे जाते त्वमनस्कं प्रजायते ॥[1]
अमनस्केऽपि संजाते चित्तादिविलयो भवेत्।
चित्तादिविलये जाते पवनस्य लयो भवेत्।
मनःपवनयोर्नाशाद् इन्द्रियार्थान् विमुञ्चति।
इन्द्रियार्थैर्यदा मुक्तो वाह्यज्ञानं न जायते।
वाह्यज्ञाने विनष्टे च ततः सर्वमयो भवेत् ॥[2]

साधक जब इस स्थिति में पहुंच जाता है, तब वह इन्द्रियों के विषयों में विचरण करते रहने पर भी सुख अथवा दुःख का शीत अथवा ताप का अनुभव नहीं करता।

सुखदुःखे न जानाति शीतोष्णे न च विन्दति।
विचरंश्चेन्द्रियार्थेषु न वेत्ति च लयं गतः ॥[3]

साधक की यह स्थिति प्रथमतः निमेषमात्र के लिए ही होती है, किन्तु क्रमशः अभ्यास में लगे रहने पर उसकी यह स्थिति कुछ घण्टे प्रहर या दिन भर के लिए ही नहीं वर्षों के लिए भी हो जाती है। काल संख्या पर आधारित इन विविध स्थितियों का वर्णन ग्रन्थ में (अमनस्क योग ग्रन्थ में) वहुत विस्तार से किया है।[4] निमेषमात्र के लिए भी लय-अवस्था, जो कि भावातीत ध्यान अवस्था की प्रथम स्थिति है, को प्राप्त कर लेने पर योगी को परतत्त्व का अनुभव तो होता ही है, वह समस्त वाह्य भोगों से ऊपर भी उठ जाता है। इस 'उत्थान' को कुछ लोग 'भूमि से उठ जाता है' ऐसी व्याख्या करते हैं। भूमि से उत्थान की स्थिति प्राणायाम साधना के क्रम में घटावस्था में पहुंचने पर, जव प्राणों का प्रवेश सुषुम्ना नाड़ी में होता है, साथ ही साथ कुण्डलिनी का भी जागरण हो जाता है, अवश्य होती है; किन्तु वह साधना का एक भिन्न प्रकार है, अर्थात् अमनस्क योग या भावातीत ध्यान तथा प्राणायाम साधना ये दोनों अलग साधना पद्धतियां हैं।

इस साधना के प्रसङ्ग में यह प्रश्न हो सकता है कि साधक जब प्रथमतः

---

१. यही, १, ३१.
२. अमनस्क योग १, ३२-३४.
३. वही १, ३७.
४. वही,

बाहुप्रमाण दूरी पर किसी भाव-पदार्थ पर दृष्टि को स्थिर करता है, तब मन को विषयमय होना चाहिए भावातीत (विषयातीत) नहीं। इस प्रश्न के समाधान के क्रम में ग्रन्थकार का कहना है कि जिस प्रकार अंकुश द्वारा नियन्त्रित न रहने पर भी हाथी अपने काम्य पदार्थ को प्राप्त करके स्वतः लौट पड़ता है, उसी प्रकार अवारित मन भी अभ्यास क्रम चलते रहने पर स्वतः विलीन होने लगता है :—

यथा निरङ्कुशो हस्ती कामान् प्राप्य निवर्त्तते।
अवारितं मनस्तद्वत् स्वयमेव विलीयते॥[1]

इसे ही स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार का कहना है कि साधक की दृष्टि पहले तो विषयों पर जाती है, फिर वह वहीं जिस किसी विषय पर अथवा विषय के अंशपर संसक्त होती है, इसके बाद वह वहीं स्थिर हो जाती और वहीं स्थिर रहने पर धीरे-धीरे वहीं विलीन भी हो जाती है :—

'प्रथमं निःसृता दृष्टिः संलग्ना यत्र कुत्रचित्।
स्थिरीभूता च तत्रैव विनश्यति शनैः शनैः॥[2]

किन्तु इस स्थिति में आने के लिए साधक को अपनी संकल्प परपरम के उच्छेदन के लिए निरन्तर सावधान रहना पड़ता है। संकल्प विकल्प के अभाव में मन का अवलम्ब क्रमशः क्षीण होने लगता है, फलतः दृष्टि तथा उसके साथ-साथ अन्य इन्द्रियां भी, क्रमशः अपचित होकर शान्त हो जाती हैं। इसके लिए साधक को वैसे ही सावधान रहना चाहिए, जैसे तराजू से तौलने का कार्य करने वाला वणिक् दोनों पलड़ों पर समता (समभार) लाने का प्रयत्न करते हुए चंचल तुला को (तराजू की डण्डी या कांटे को) स्थिर करता है। अमनस्क साधना के क्रम में चंचल तुला को स्थिर करने वाले तुलाधार की उपमा अत्यन्त सटीक है। जब तक मन में सन्तुलन न होगा, राग और द्वेष का सम्बन्ध बना रहेगा, तब तक समाधि की, अमनस्क-भाव की, संभावना नहीं हो सकती। यही कारण है कि इस प्रसङ्ग में ग्रन्थकार ने औदासीन्य (उदासीन भाव) को अमृतपूर की भाँति उपादेय कहा है। उसकी मान्यता है कि जब तक किसी विषय की प्राप्ति के लिए राग अथवा उसको छोड़ने के लिए द्वेष रहेगा, और जब तक एतदर्थ प्रयत्न चलता रहेगा, तब तक सम्बन्ध के अभाव की कल्पना नहीं हो सकती। किसी विषय के प्रति रागात्मक सम्बन्ध जिस प्रकार मन के बन्धन का कारण होता है, द्वेषात्मक सम्बन्ध भी उसी प्रकार बन्धन का कारण बनता है। सम्बन्ध रागात्मक न होकर द्वेषात्मक हो, तब भी सम्बन्ध तो है, सम्बन्ध का अभाव तो न हुआ। इस स्थिति में अहंभाव ममभाव, तो रहता ही है, और जब तक यह अहन्ता ममता रहेगी, द्वैत भी रहेगा, और तब तक तत्त्वावबोध का प्रश्न ही नहीं है। किन्तु

---

१. अमनस्क योग २, ७७।

२. वही २, ६७.

जिस क्षण राग और द्वेष को तुला के दण्ड के दो किनारों के समान सन्तुलित कर लिया जाता है और उसके फलस्वरूप विश्व के समस्त पदार्थों के प्रति राग और द्वेप के स्थान पर उदासीनता उत्पन्न होकर प्रतिष्ठित होने लगती है, उस क्षण से ही जगद्रूपी वृक्ष का उन्मूलन प्रारम्भ हो जाता है, और उसके (उदासीनता) पूर्णतः प्रतिष्ठित होते ही जगद्रूपी वृक्ष गिर जाता है, विनष्ट हो जाता है :—

यावत्प्रयत्नलेशोऽस्ति यावत्संकल्पकल्पना ।
अहं त्वमिति सम्प्राप्तिः तावत्तत्त्वस्य का कथा ॥
औदासीन्यामृतौघेन वर्धमानेन योगिनाम् ।
उन्मूलित-मनोमूलो जगद्वृक्षः पतिष्यति ॥

इस प्रकार राग द्वेष के सन्तुलन से दूसरे शब्दों में उन्मूलन से, उत्पन्न औदासीन्य इस साधना पद्धति का सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व है, और इसकी सिद्धि से भी विश्व प्रपञ्च से मुक्ति प्राप्त हो सकती है ।

यह साधना पद्धति भी अन्य साधना पद्धतियों के समान योग-साधना की एक प्राचीन पद्धति है । महाभारत गीताभाष्य एवं हरविजय महाकाव्य जैसे प्राचीन ग्रन्थों में इस साधना पद्धति का उल्लेख होने पर भी इसके प्रतिपादक ग्रन्थ आज भी अनुसन्धान के विषय हैं, जो एक ग्रन्थ प्राप्त है, उसकी अधिक प्राचीनता न होने पर भी उसमें प्रतिपादित साधना विधि अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है । इस प्रसङ्ग में विशेष अनुसन्धान की अपेक्षा है ।

□

SRINGERI
4586

INTRODUCTION

The Yoga-shastra in its well systematised form is found in 'Patanjali Yoga-shastra'. Though it may perhaps be not impossible, however, it is rather very difficult to say categorically, as to when and how the Yoga-shastra came into existence and who was its founding-father. It is, however, accepted in general that Bhagwan Shankera was Aadi Guru (the first Preceptor) of Yoga-shastra. In most of the works'on Yoga-shastra, composred in sanskrit verses (slokas), we find Lord shiva as the Preacher and His consort Maha Devi Jagdamba Parvati as the principal pupil in audience. In some places we find Bhairava as the main listner. The works like Shiva Samhita, Gheranda Samhita etc. stand in testimony. In 'Amanaska-Yoga' we see that Vamadeva prays to Ishwar (Shiva) to bestow upon him the knowledge of Jivanmukti (liberation) and granting his request, Shiva preaches him the Amanaska Yoga'. In 'Yoga-Shikhopanishad' and 'Yoga-Bija', Parvati herself puts this question before shiva.[1]

In Yoga-Tattvopanished, Lord Vishnu is the Preceptor—Teacher and Lord Brahma is the pupil-taught.[2]

In the same way in Dattatreya Yoga-shastra, Dattatrya, who is considered as 'Vishnu', is the propounder of Yoga-shastra and

---

१. (क) सर्वे जीवाः सुखैर्दुःखैर्मायाजालेन वेष्टिताः ।
तेषां मुक्तिः कथंदेव कृपया वद शंकर ॥ योगशिखोपनिषद् १.१

(ख) नाना मार्गास्त्वया देव कथितास्तु महेश्वर ।
अधुना मोक्षदं मार्गं ब्रूहि योगविदांवर ।
वद्धा येन विमुच्यन्ते नाथ मार्गमतः परम् ।
तमहं कथयिष्यामि तव प्रीत्या सुरेश्वरि ॥ योगवीज ११-१४

२. विष्णुर्नाम महायोगी महाभूतो महातपः ।
तत्त्वमार्गे यथा दीपो दृश्यते पग्मेश्वरः ।
तमाराध्य जगन्नाथं प्रणिपत्य पितामहः ।
प्रपच्छ योगतत्त्वं में ब्रूहि चाष्टाङ्ग संयुतम् ॥ योगतत्त्वोपनिषद् १.२.३

Sankriti is the listner (pupil).[1] Lord Shri Krishna, the teacher of Bhagwad Gita to Arjun is incarnation of Lord Bishnu. Shri Krishna has been proclained as 'Yogeshwai' (the Lord of the Yoga) in Gita.[2] Each chapter of Gita has been named as a specific yoga according to the subject-matter discussed therein, as mentioned in the colophone given at the end of each chapter. The author of the exposition on 'the commentary on Patanjali's Yoga-sutra of Vyasa', indicates that the propounding father of the Yoga-shastra is none other than 'Hiranyagarbha.[3]

From the facts mentioned above we can simply say that, at least for the present, it is not possible to say as to who was the founding father of Yoga-shastra. Right from the beginning of the evolution of Human-conciousness in human beings, the Yoga-shastra and its concept has started.

Dattatreya—Yoga-shastra, which is considered to be a work on yoga belonging to vaishanava tradition, describes four branches of yoga namely Mantra yoga, Laya yoga, Hatha yoga and Raja yoga (Ashtanga yoga) and accepts Adi Nath as the propounder of Laya-yoga, stating that Adi Nath was Shiva Himself.[4]

In the Dattatreya Yoga-shastra, after describing the Ashtanga yoga (Raja-yoga), it has been stated that the Ashtanga yoga is the Kavi-marga—the path prescribed by Shri Shukracharya.[5] The great sage, Kapil has been accepted as the founder—the

---

1. Yoga-Sastra by Dattatreya 8-18 and 336

२. यत्र योगेश्वरः कृष्णो तत्र पार्थो धनुर्धरः । गीता १८.७७

३. हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः ॥ इति योगियाज्ञवल्क्यः ।
पतंजलि योगसूत्र योगवर्तिका टीका

४. लय योगश्चित्तलयः संकेतैस्तु प्रजायते ।
आदिनाथेन संकेताः अष्टकोटि प्रकीर्तिताः॥ दत्तात्रेय योगशास्त्र २९-३०
महादेवस्य नामानि आदिनाथादिकान्यपि ।
शिवेश्वरश्च देवोऽसौ लीलया व्यचरत्प्रभुः ॥ दत्तात्रेययोगशास्त्र ३२-३३

5. कविमार्गोऽयमुक्तस्ते सांकृतेऽष्टाङ्गयोगतः । दत्तात्रेययोगशास्त्र २.५९

preceptor—preacher of the Hatha Yoga[1].

In the aphorismsutra 3 to 28. Chapter I[2] of Patanjali Yoga-shastra there is clear indication of Mantra yoga or the Mantra Japa, wherein it has been prescribed to repeat the name of God, 'Om', and medidate on its meaning. On this basis it will not be in-correct to say that the Mantra-yoga was prevalent even before Patanjali's period, having established itself as an independent branch of Yoga-sadhana. It may however be pointed out that Dattatreya Yoga-shastra, inspite of accepting Mantra-yoga as an independent branch of Yoga-sadhana, does not hold good opinion about it as the system of Mantra-yoga has been described as Adhama-yoga (the yoga of the lower category) and those who practise that yoga have been considered as Adhama sadhaka (the sadhakas of low category)[3].

From the above historic facts there should be no hesitation in accepting the great antiqueness of the Yoga-shastra and its diffe-rent branches like Mantra-yoga, Laya yoga, Hatha yoga etc. which were so widely prevalent that it appears to be an impossible task to trace the history of origin of yoga. It is perhaps the reason that the devotees of Lord Shiva and Lord Vishnu have attributed the credit of being the founding-father—the propounder—preceptor of yoga shastra to their respective Lord worshipped by them.

---

१. कपिलाद्यास्तु शिष्याश्च हठ० कुर्युस्ततो यथा ।
तद्यथा च महामुद्रा महावन्धस्तथैव च ।
ततः स्यात्खेचरींमुद्रा बन्धो जालन्धरस्तथा ।
उड्ड़ियाणं मूलवन्धो विपरीतकरणी तथा ।
वज्रोलिरमरोलिश्च सहजोलिस्त्रिधा मता । द. यो. शा. ५:७.६१

२. तस्यवाचकः प्रणवः । तज्जपस्तदर्थभावनम् ।। पा. योगसूत्र १.२७.७८

३. अङ्गेषु मातृकन्यासपूर्वं मन्त्रं जपन् सुधीः ।
यं कञ्चनाभिसिद्धयै स्यान्मन्त्रयोगः स कथ्यते ।
मृदुस्तस्याधिकारी स्णद् द्वादशाब्दैस्तुसाधनात् ।
प्रायेण लभते सिर्द्धि सिद्धीश्चैवाणिमदिकाः ।
अल्पवुद्धिरिमं योगं सेवते साधकाधमः ।
मन्त्रयोगो ह्ययं प्रोक्तो योगानामधमस्तु सः ।। दत्ता० योगशास्त्र २५.२८

Now let us come to the main subject of Amanaska Yoga which is known as Bhavatita Dhyana (Transcendental meditation) these days. This is also a very ancient branch of Yoga. According to Dattatraya this comes under the category of Laya-yoga which first preached by Adi Nath—the Lord Shiva.[1] Adi Nath had taught many ways (sanket) for meditation, one of which was such that it could be practised every where while standing or walking or sleeping or eating, by meditating in the Shoonya (mind having no aimed object to meditate upon—obserbed in vacant solitude).[3] This may be called as transcendental meditation.

This meditation shunya Dhyana-has been considered to be the most important in the Laya-yoga sadhana. It is said to the best of all the sadhanas. 'Amanaska Yoga' declares that one whose sight, breath and mind remain fixed and stablised without the support of their object is really a yogi and he alone can be the Preceptor (Guru) and is worthy to be served.[4]

Since mind is made defunct in this sadhana, by object-less and supportless concentration and no activity being left for the mind to do, it is called Amanaska Yoga. Amanaska literally means to become without mind.

The first reference of Amanaska Yoga is found in Mahabharat where in it has been stated that the sadhana, who without

---

१. गिरिकूटे चित्रकूटे सुपादपयुते गिरौ।
कृपयैकैकसंकेतं शंकरः प्राह तत्र तान्।
तानि सर्वाणि वक्तुं हि न शक्नोमि तु विस्तरात्
कानिचित् कथयिष्यामि सहजाभ्यासवत् सुखम्। दत्ता० योगशास्त्र ३६.३६

२. तिष्ठन् गच्छन्स्वपन्भुञ्जन्ध्यायन् शून्यमहर्निशम्।
अयमेको हि संकेतः आदिनाथेन भाषितः॥

३. ध्यानं निर्विषयंमनः। सांख्यदर्शन ६.२५

४. दृष्टः स्थिरा यस्य विनैव दृश्यात्।
वायुः स्थिरो यस्य विना प्रयत्नात्।
चित्तं स्थिरं यस्य विनावलम्बात्।
स एव योगी स गुरुः स सेव्यः॥ अमनस्क योग २.४६

contemplating on any subject or concentrating on any object, sitting in one posture gets into trance or transcendentness, achieves the position bey ond all dualitics—rightenousness and unrightenousness, good and bad, right and wrong.[1] Acharya Shanker has quoted this verse in the introduction of his commentory on Gita and has indicated towards Amanaska Yoga. It can therefore we well assumed that the Amanaska sadhana enjoyed a great repuration and respect even amongst the philosophers of the highest order.

In the Har avijaya Mahakavya (epic) of the great poet Ratnakar, Amanaka Yoga has been referred to at two places. At one piace without mentioning name of Amanaska Yoga, the poet has described the method of Sadhana and has stated that the sadhaka should medidate with mind in vacant solitude (Abhava) without any support of thought or object ; till he gets into tranae (the state of transcendentness).[2]

At one place mentioning name of the Amanaska Yoga, the poet has shown great respect to it when he has offered a prayer to Lord Shiva requesting the Lord to beston the same position—the Niranjanapada—which the sadhanas of Amanaska-Yoga get, by His grace.[3]

Though we find such references in many of the ancient works of sanskrit literature from which it can be inferiod, without any doubt, the antiqueness of the Amanaska Yoga and the high esteem it held, however, it is a matter of great regret that we could not find any work, which could be called as very ancient, on this subject.

---

१. नैवधर्मी न चाधर्मी न चैव हि शुभाशुभी।
य: स्यादेकासने लीन: मैव किंचिद्धि चिन्तयन्। भगवद् गीता शांकर भाष्य पृ० २

२. अभावं भावयेत्तावत् यावत् तन्मयतां व्रजेत्।
—हर विजय महाकाव्य

३. अमनस्कयोगगतिसंशितव्रतै:
यदवाप्यते किल निरञ्जनं पदम्।
निरुपल्लवां च दधदात्मनि स्थितिम्
भव नान्तरीयकमनुग्रहस्य ते ।। हर विजय महाकाव्य ६.१४३

The highest state of Asamprajnat Samadhi (super-conciousness described in the Ashtānga-Yoga Sādhanā of Patanjali, where in all flow of thoughts, reasoning, bliss and even ego do not exist (even the Vritti of Viveka Khyāti—the descriminative knowledge is checked), is also the highest state of Amanaska Yoga. On this basis an attempt can easily be made to prove the oneness of the Amanaska Yoga and the Patanjali Yoga. In the Patanjali's Ashtānga Yoga the philosophy and sādhanā aspects, both have been equally described, however to call the Patanjali Yoga Sūtra a work on Amanaska Yoga, will not be proper, as inspite of the highest state of Asamprajnāta Samādhi being same in both the systems, there is great difference in their methods of Sādhanā. In the Sādhanā process of Patanjali's Ashtānaga-yoga, the function of the mind, in relation to its objects (in refining in sublimating, in gradations) continues, which is evident from the definitions of Dhāranā (concentration), Dhyāna (meditation) and Samādhi (super-consciousness).[1]

In the tradition of Amanaska Yoga Sādhanā, we find only one book which the author has named as 'Swayambodha' or 'Amanaska Yoga. This does not appear to be an ancient work on the subject and we do not find the author's name there in, though Gorakhanātha, whose period is considered to be earlier than the nineth century, has been given the credit of being the author of this work by Yoganāth Swami. But from this the antiqueness of the book is not proved as it is doubted whether Gorakhanāth could be the author of this work. There are vehement attacks on different scriptures and systems of sādhanā in this book on Amanaska Yoga' which can be seen in the verses 33 to 38 of chapter II where in the Prānāyama sādhanā, awakening of the Nādi-chakras, jnāna yoga and Hathayoga Sādhanās and the

---

१. देशबन्धश्चित्तस्य धारणा । (Dhāraṇā is holding the mind on to some particular object). तत्र प्रत्यैकतानता ध्यानम् । (An unbroken flow of mindestuff on that object is Dhyana). तदेवार्थमात्रनिर्मासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः ॥

(When that, giving up all froms reflects only the thing itself; it is Samadhi.) पातंजल योगसूत्र ३.१,२,३

kriyās (practices) like vajroli etc. have been very badly and despisingly attacked and condemned. The different codes of conduct and the symbols of the Vaishnava, Jain, Bouddha etc. religions, their philosophies and traditions have been very adversely criticized and nullified without any reasoning and arguments and supremecy of the Amanaska Yoga declared. This has never been the style of ancient works on yoga or philosophy or literature. Therefore it is not possible to accept it as an ancient work.

The statement of Yogānāth swami declaring Gorakhanāth as author of Amanaska Yoga, does not have any supporting proof. We do not find author's name either in the Manglācharana (opening prayer) nor in the Pushpika (concluding verses). So far the question of accepting Gorakhanāth as author of Amanaska Yoga, according to the traditional sayings is concerned, we find that the 'Yoga-Bija' has also been similarly accepted, but we find clear contradictions in both these works. For example we see that in 'Yoga-Bija' the Suryabhed, Ujjāyi, Shītalī, Bhastrī Pranayamas have been mentioned with great respect,[1] but in the Amanaska Yoga the same have adversely attacked with disrespect.[2] Under these circumstances how Gorakhanāth could be accepted as author of both these works. Gorakhanath is considered to be the author of many works on Hatha Yoga, but in the Amanasha Yoga we find that the vajroli kriya of Hatha Yoga has been disgracefully despised. The question of the authorship of the Amanska Yoga may be closed here, keeping the possibility in view that the different sects and systems of yoga-sādhana have been in vogue since time immemorial in the Guru Shishya Parampara (traditions of the preceptor and the desciple). In those traditions either the Gurus for the convenience of their disciples or the disciples for sake of memorising, described the teachings of their yoga-sadhana traditions in slokas (verses). These slokas continued from one generation to another, of the sects of different yoga-sadhana traditions. When the necessity for keeping those compositions in writing arose on availability

1. See Yoga-Bija 96-105.
2. See Amanaskyog 2.32-33-34.

of the facilities for the purpose, the same were transcribed without mentioning the name of the author. After lapse of time the followers of the sects may have thought, out of their faith and reverence, to declare that 'such and such works are the compositions of so and so ancient Guru'. In reality many of such works may perhaps be the compositions of authors unknown.

According to 'Amanask Yoga' there are seven main elements or principles of this universe. They are earth, water, fire, air, sky, mind and Para-Tattva. These have been mentioned here in the order of the grosser elements to the finer ones successively. Out of them five of the elements from earth to sky are of Mahat parinama (Big size), which can be perceived and experienced by the senses. The mind (Manas) is also an object like the earth etc. which becomes the media of perceiving and experiencing the other objects, elements and principles through the senses. All these have been simply enumerated in this book and their analysis has not been given to explain their deep concept. The Para-tattva is beyond all the forms and formless, creation and destruction, assumptions and presumtions, cause and effect, names and titles, attributes and actions. That is unperceivable by the senses, it is permanent and eternal unaffected by any thing.[1] As the 'Para-tattva' is transcendent, its realisation automatically brings in the transcendentness, for which Dattatreya advises to meditate on the 'Para-tattva' at all times and every where even while standing, sitting, walking, sleeping or eating.[2] But the author of the 'Amanask-Yoga' advises that first of all one should fully understand the system of Amanaska Yoga directly from a competent perfect Guru, make himself free from all the worries, sit in a well established posture comfortably in a calm, quiet, beautiful place, keeping the object of concentration at a distance of full arm-length, fix attention on it with full concent-

1. भावाभावविनिर्मुक्तं विनाशोत्पत्तिवर्जितम् ।
सर्वसंकल्पनातीतं परतत्त्वं तदुच्यते ।
अनाकारमवच्छिन्नमग्राह्यमचलं ध्रुवम् ।
सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं सर्वकामविवर्जितम् ॥ Amanaska Yoga 1.22

2. Dattatreya yoga Sastra 40-41.

ration and practise Amanaskata (Transcendentness).[1]

In the process of sadhana, the sadhaka should withdraw his mind from all the gross objects and free himself from all the worries and thoughts, externally as well as internally. When the sadhaka reaches that state and becomes established there in, he experiences the 'Para-tattva'. The chitta (mind-stuff) merges in the Prana, no knowledge of the outer world remains, transcendentness is achieved.[2] As a result of this, the sadhaka inspite of making use of all the sense organs, does not experience any pleasure or pain, heat or cold and other dualities. Though in the beginning this state of a Sadhaka remains for a very short period, but with practice and success in sadhana he continues to remain in this stage not only for some hours or days but even for years together. The different stages of success and gaining supernatural powers with progressive advancement in sadhana have been described in detail in the 'Amanaska Yoga'. In the event of gaining the state of 'Laya' (complete absorbation of the mind) even for a fraction of second, the sadhaka, in this very first state of transcendentness not only experiences 'Para-tattva', uplifts himself or rises above all the worldly enjoyments and involvements. Some interpret this 'uplifting of self' as 'rising of the body above the ground'. This 'state of rising of the body above the ground' comes in the Pranayama sadhana when the stage of 'Ghata-avastha' is gained and the Prana enters into the Sushumna Nadi and the Kundalini power is awakened. But that is a different process of Sadhana. The Pranayama Sadhana and the Amanaska Yoga or the transcendental

---

1. एवंविध गुरोः शब्दात् सर्वचिन्ताविवर्जितः ।
स्थित्वा मनोहरे देशे योगमेव सदाभ्यसेत् ॥
विविक्तदेशे सुखसन्निविष्टः समासने किञ्चिदुपेत्य पश्चात् ।
बाहुप्रमाणं स्थिरदृक् श्लथाङ्गः चिन्ताविहीनोऽभ्यसनं कुरुष्व ॥
Amanaska Yoga 1.27-28

२. न किञ्चिन्मनसा ध्यायेत् सर्वचिन्ता विवर्जितः ।
तत्त्वस्य सम्मुखे जाते त्वमनस्कं प्रजायते ॥
Amanaska Yoga. 1.32

meditation are both different systems of Sadhana.

In the context of this Sadhana a question arises that when first of all, the sadhaka concentrates on some object at a full arm-length, the mind should remain engaged on the object and not beyond the object and then how it could be transcendental. In this respect 'Amanaska Yoga' classifies that as an elephant returns back after passifying its desires, even without any prodding, in the same way the mind even without suppressing or forcefully withdrawing it, stops wandering and object pursuing, calms down and is absorbed (within self) if process of practice is continued.[1]

Explaining further the author of Amanask Yoga states that at first the sight of the sadhaka falls on some object and engages itself on that object or its particular part, remains fixed there on and is slowly absorbed.[2]

To reach this stage the Sadhaka will have to be constantly cautious and active to pierce through his tendencies of imagining, assuming, resolving, and desolating and dissolving. In the absence of these tendencies, the support of the mind gets feebler slowly and as a result of this the sight as well as the other sense organs become defunct. For this purpose the Sadhaka should be alert like a person weighing something on a balance who tries to keep the balancing stick or the needle in correct position so that both the sides of the balance remain parallel and equally balanced giving correct weight. Till such time the mind does not come in the state of equilibrium, like a balance, by subsiding and diminating the disturbing forces of desires, longings, attachments, repulsions, liking and hates, passions, pleasures and pains etc., the attainment of the state of transcendentness—the samadhi, will not be possible. In this context the author of Amanaska Yoga has declared the utility of unattachment and unconcernedness or dispassion as ambrosial. It has also been stated there in the Amanaska Yoga that till such time likings and desires for acquiring objects and dislikes for giving up same persist the activities of the mind continue unchecked in these directions and the

---

१ यथा निरङ्कुशो हस्ती कामान्प्राप्य निवर्त्तते ।
अवारितं मनस्तद्वत् स्वयमेव विलीयते । Amanaska Yoga 2.75

२ प्रथमं निःसृता दृष्टिः संलग्ना यत्रकुत्रचित् ।
स्थिरीभूता च तत्रैव विनश्यति शनैः शनैः ।। Ibid. 2.68

